मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर-दिसम्बर, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 23 नवम्बर, 2011 (अग्रहायण 2, 1933)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री गिरिजा शंकर शर्मा, डॉ. गोविन्द सिंह, श्री पुरुषोत्तम दांगी, सदस्य, होशंगाबाद एवं हरदा जिले के कृषकों को अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सोयाबीन फसल की बीमा का लाभ न मिलने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री राजेन्द्र फूलचन्द वर्मा, सदस्य, देवास जिले के सोनकच्छ एवं टोंकखुर्द तहसील में बी.पी.एल. राशन कार्ड न बनाये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 31, राघोगढ़ से निर्वाचित सदस्य, श्री मूल सिंह (दादा भाई) तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 106, निवास से निर्वाचित सदस्य, श्री रामप्यारे कुलस्ते को इस सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री परसराम मुदगल, सदस्य, मुरैना जिले के -
- (क) ग्राम रिठौरा में तहसील खोले जाने,
- (ख) शहडोल जिले के ग्राम भमरहा में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने, तथा
- (ग) ग्राम भमरहा के माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने,

(2) श्री पारस दादा, सदस्य, रतलाम जिले के -
- (क) वार्ड क्रमांक 18 में नाले पर पुलिया निर्माण किये जाने,
- (ख) सेजावता से बंजली मार्ग निर्माण किये जाने,
- (ग) जावरा नगर के वार्ड क्रमांक 30 में चबूतरे का निर्माण किये जाने,
- (घ) दीनदयाल नगर में पानी की टंकी निर्माण किये जाने,
- (ङ) वार्ड क्रमांक-3 में विद्युत पोल लगाये जाने,
- (च) मध्य रेल्वे फाटक पर अंडर ब्रिज निर्माण किये जाने,
- (छ) ग्राम भूतेड़ा में सी.सी. रोड निर्माण किये जाने, तथा
- (ज) जावरा नगर की गौ शाला में पशु आहार की व्यवस्था किये जाने,

(3) ईजीनियर प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के

(क) ग्राम राजौआ के आदिवासियों को पट्टे दिये जाने,
(ख) ग्राम राजौआ की नल जल योजना को राजघाट से जोड़े जाने,
(ग) ग्राम राजौआ में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,
(घ) ग्राम राजौआ के माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने,
(ङ) ग्राम सडेरी में पानी की टंकी का निर्माण किये जाने, तथा
(च) ग्राम कर्रापुर में कन्या हाई स्कूल स्वीकृत किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

5. राजस्व मंत्री का वक्तव्य

श्री करण सिंह वर्मा, राजस्व मंत्री, दिनांक 20 जुलाई, 2011 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्रमांक 2353) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे,

निर्धारित समय

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

30 मि. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) तृतीय संशोधन विधेयक, 2011 (क्रमांक 30 सन् 2011) पर विचार किया जाए.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

7. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

प्रदेश में खाद बीज की कमी, कालाबाजारी एवं नकली खाद बीज व कीटनाशक की बिक्री से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा का पुनर्ग्रहण.

8. प्रतिवेदनों पर चर्चा

1 घन्टा मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98, 1998-99, 1999-2000, 2000-2001, तथा 2001-2002 की अनुशंसाओं के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा.

राजकुमार पांडे
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 22 नवम्बर, 2011